स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

प्रेस–विज्ञप्ति

स्वच्छ भारत अभियान

दिनांक 27.06.2017

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम क्षेत्र को अवैध कब्जा मुक्त कराने का अभियान जारी

भिलाईनगर/ आयुक्त के0एल0 चौहान के निर्देश पर जोन 01 में हुए अवैध कब्जे को निगम के तोड़फोड़ दस्ते द्वारा हटाने का कार्य अनवरत जारी है। आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खम्हरिया तालाब के पास का पान ठेला लगाकर अवैध रुप से कब्जाकर लगाया गया था। स्थानीय निवासियों द्वारा शिकायत की गई कि असामाजिक तत्व के लोग पान ठेले में बैठकर महिलाओं से छेड़छाड़ करते है जिसे हटाया गया।

लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला के पास पान ठेला, चाय दुकान, अवैध रुपे से लगाकर व्यवसाय कर रहा था चारो तरफ गंदगी फैला रहा था। अस्पताल प्रबंधन के शिकायत पर कब्जा हटाया गया। कोसानगर के पास समर्थ ऑटो दुकान देवेन्द्र अवैध रुप से कब्जाकर दुकान चला रहा था, मोहल्लावासियों के शिकायत पर कब्जा हटाया गया। आई.एच.एस.डी.पी. योजना के अंतर्गत संचालित भवन के बगल में दुखित सोना, बलदेव सोना द्वारा 30 बाई 30 का बाउन्ड्रीवाल का घेरा डालकर अवैध कब्जा किया गया था जिसे मौके पर कागजात दिखाने को कहा गया, जांच करने पर कोई कागजात नहीं पाया गया उसे हटाया गया।

कार्यवाही में जोन 01 के प्रभारी राजस्व अधिकारी मलखान सिंह सोरी, बेदखली प्रभारी यतीननाथ देवांगन, प्रकाश अग्रवाल, तोड़फोड़ दल के साथ उपस्थित रहें।

फोटो संलग्न

जनसम्पर्क अधिकारी